ISSN 2349-5596

# ग्रीन इनसाइट्स

न्यूज़ लेटर ओन इको-लेबलींग एंड इको-फ्रेंडली प्रोडक्टस

CERC
Since 1978

वॉल्यूम १६ नंबर १, अप्रैल-जून २०२१

# ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम पर रिपोर्ट: 2020-21




स्पोन्सॅड बाय:

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार**

**ENVIS रिसोर्स पार्टनर ओन:**

**इनवार्नयमेंट लिट्रसी - इको-लेबलींग एंड इको-फ्रेंडली प्रोडक्टस**

**ग्रीन इनसाइट्स**
अप्रैल-जून २०२१

श्री प्रफुल अमीन
CERC, चेयरमैन

संपादकीय टीम

उदय मवानी
चीफ एग्ज़ीक्यूटीव ऑफिसर

अनिन्दिता मेहता
ENVIS प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर

दिव्या नंबूदिरी
प्रोग्राम ऑफिसर

अपेक्षा शर्मा
इन्फॉर्मेशन ऑफिसर

हिरेन टांक
डिज़ाइन और ग्राफिक्स

# अनुक्रमणिका

**प्रस्तावना** २

'पर्यावरणीय मानदंड के लिए एनर्जी एफिशियंसी , स्टार लेबलिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल परीक्षण के लिए लेबोरेटरी तकनीशियन/ टेक्निकल असिस्टेंट' के सर्टिफिकेट कोर्स पर रिपोर्ट ३



'इको-फ्रेंडली पद्धतियों के साथ खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी के लिए लेबोरेटरी असिस्टेंट' के सर्टिफिकेट कोर्स पर रिपोर्ट ७



इवेन्ट्स (अप्रैल-जून) ११



## प्रस्तावना

हरित कौशल विकास कार्यक्रम (ग्रीन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम) पर्यावरण क्षेत्र में कौशल विकसित करने की एक पहल है। हरित कौशल विकसित करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) पर्यावरण सूचना प्रणाली (ENVIS) हब और संसाधन भागीदारों (RPs) के विशाल नेटवर्क और विशेषज्ञता का उपयोग कर रहा है। ENVIS ६० केंद्रों का विकेन्द्रीकृत नेटवर्क है जिनमें से २६ केंद्र 'पर्यावरण की स्थिति और संबंधित मुद्दों' से निपटने के लिए राज्य सरकार / केंद्रशासित प्रदेश प्रशासनों द्वारा होस्ट किए जाते हैं जिन्हें ENVIS हब कहा जाता है और शेष ३४ केंद्रों की मेजबानी पर्यावरण से संबंधित सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा की जाती है।

हरित कौशल विकास कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी ज्ञान रखने वाले हरित कुशल कार्यकर्ताओं को तैयार करने और टिकाऊ भविष्य के लिए पर्यावरणीय गुणवत्ता को संरक्षित या बहाल करने में योगदान देना है। यह ऐसे रोजगार सृजित करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है जो पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा करते हैं, ऊर्जा उपयोग को कम करते हैं और अपशिष्ट और प्रदूषण को कम करते हैं। प्रक्रियाओं, सेवाओं और उत्पादों को जलवायु परिवर्तन और संबंधित पर्यावरणीय नियमों और आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने के लिए हरित कौशल की आवश्यकता होती है। उनमें टिकाऊ (सस्टेनेबल) और संसाधन-कुशल समाज के जीवन, विकास और सहयोग के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल, मूल्य और दृष्टिकोण शामिल हैं। इस कार्यक्रम में पूरे कोर्स की अवधि के लिए ट्रेनिंग, भोजन और आवास की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है।

कौशल कार्यक्रमों में प्रदूषण निगरानी (वायु / जल / मिट्टी), सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटिंग प्लांट्स (STP/ETP/CETP) ऑपरेशन, वेस्ट मैनेजमेंट, फॉरेस्ट मैनेजमेंट, वॉटर बजटिंग, ऑडिटिंग, नदी डॉल्फ़िन का संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन, पैराटैक्सोनॉमी जैसे विविध क्षेत्रों को शामिल किया गया है, जिसमें पीपल्स बायोडायवर्सिटी रजिस्टर (PBR), मैंग्रोव संरक्षण, बांस प्रबंधन और आजीविका अर्जन भी शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों की अवधि लगभग ८० घंटे से ५६० घंटे की होती है। यह कार्यक्रम तकनीकी ज्ञान और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता वाले हरित कुशल कार्यकर्ता तैयार करने का प्रयास करता है। यह राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC), सतत विकास लक्ष्य (SDG), राष्ट्रीय जैव विविधता लक्ष्य (NBT), साथ ही अपशिष्ट प्रबंधन नियम (२०१६) को हासिल करने में मदद करेगा।

ENVIS रिसोर्स पार्टनर के रूप में कंज्यूमर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद ने विद्युत उत्पाद परीक्षण और खाद्य परीक्षण के लिए प्रयोगशाला तकनीशियनों / सहायकों पर दो कोर्स विकसित किए हैं। एनर्जी एफिशियंसी , स्टार लेबलिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल परीक्षण के लिए लेबोरेटरी तकनीशियन/ टेक्निकल असिस्टेंट' के सर्टिफिकेट कोर्स पर रिपोर्ट 'इको-फ्रेंडली पद्धतियों के साथ खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी के लिए लेबोरेटरी असिस्टेंट 'पर्यावरणीय मानदंड के लिए ऊर्जा दक्षता (एनर्जी एफिशियंसी), स्टार लेबलिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल परीक्षण के लिए लेबोरेटरी तकनीशियन/ टेक्निकल असिस्टेंट' के सर्टिफिकेट कोर्स मुख्य रूप से उत्पादों की ऊर्जा दक्षता और स्टार लेबलिंग के लिए उनके परीक्षण पर केंद्रित है। इस कोर्स की अवधि २६४ घंटे है। 'इको-फ्रेंडली पद्धतियों के साथ खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी के लिए लेबोरेटरी असिस्टेंट' का सर्टिफिकेट कोर्स खाद्य पदार्थों का परीक्षण करते समय प्रयोगशाला SOP में ध्यान रखे जाने वाले पर्यावरणीय मानदंडों पर केंद्रित है। इस कोर्स की अवधि २२५ घंटे है।

दोनों कोर्स राष्ट्रीय कौशल विकास एजेंसी (NSDA) ढांचे के राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) लेवल ६ का अनुपालन करते हैं। CERC वर्ष २०१८ से दोनों कोर्स का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। इस अंक में वित्त वर्ष २०२०-२०२१ में आयोजित दोनों पाठ्यक्रमों की GSDP रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है।

# पर्यावरण मानदंड के लिए एनर्जी एफिशियंसी, स्टार लेबलिंग और अन्य इलेक्ट्रिकल परीक्षण के लिए लेबोरेटरी तकनीशियन/ टेक्निकल असिस्टेंटट पर सर्टिफिकेट कोर्स

**सुश्री श्वेता महाजन**
**कोर्स इंचार्ज एवं GM - TORCH, CERC**

हरित नौकरियां (जॉब) पर्यावरण को संरक्षित और पुनर्स्थापित करने में योगदान करती हैं, चाहे वे विनिर्माण और निर्माण जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में हों या नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता जैसे नए उभरते हरित क्षेत्र में हों। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के साथ कुशल जनशक्ति का राष्ट्रीय स्तर का डेटाबेस तैयार करने का प्रस्ताव है जिसका उद्योग द्वारा सीधे उपयोग किया जा सकेगा। आज की हरित तकनीक के संदर्भ में, डिजाइन, कच्चा माल, निर्माण और परीक्षण बारीकी से एकीकृत हो गए हैं। उद्योग कुशल कार्यबल के साथ वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। विद्युत परीक्षण में टिकाऊ उत्पादों, जीवन शैली और टिकाऊ उपभोक्ता व्यवहार पर युवाओं के हरित कौशल का विकास करने के लिए २६४ घंटे का समग्र अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। CERC की विद्युत उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला पिछले ३ वर्षों से स्टार लेबलिंग मानदंड और पर्यावरण के अनुकूल पद्धतियों की अवधारणाओं पर GSDP उम्मीदवारों को प्रशिक्षित कर रही है।

## उम्मीदवारों का चयन

ट्रेनिंग कोर्स का विज्ञापन समाचार पत्रों, वेबसाइटः http://cercenvis.nic.in/PDF/GSDP%2020-21.pdf और अन्य सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में दिया गया था। इस कोर्स के लिए कुल ७९ आवेदन प्राप्त हुए थे। समुचित योग्यता वाले उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया था और फाइनल इंटरव्यू २१ और २२ जनवरी को महामारी प्रतिबंधों के कारण ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित किए गए थे। उम्मीदवारों का चयन उनकी तकनीकी और मूल क्षमताओं के आधार पर किया गया था।

## ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्‌घाटन

उद्‌घाटन समारोह ९ फरवरी, २०२१ को आयोजित किया गया था। इसकी शुरुआत श्री उदय मावानी, CEO और बोर्ड सचिव, के स्वागत भाषण से हुई, और अध्यक्षीय भाषण श्री प्रफुल आर. अमीन, चेयरमैन, CERC और TORCH ने दिया।

हमारे मुख्य वक्ता, श्री राकेशभाई शाह, सदस्य सलाहकार CERC ने छात्रों को अपने भविष्य के लिए बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री जे.बी. पटेल, बोर्ड सदस्य TORCH और स्वयंसेवी सदस्य CERS ने अपने प्रेरक भाषण से छात्रों को आशीर्वाद दिया और युवाओं को प्रेरित किया। सुश्री अनिंदिता मेहता, प्रोजेक्ट कॉऑर्डिनेटर और CGM, CERC ने CERC ENVIS के मैन्डेट और जागरूकता गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। CERC ENVIS की सलाहकार समिति की सदस्य डॉ. अशोका घोष ने हरित कौशल विकास कार्यक्रम के विकास के बारे में श्रोताओं को संबोधित किया। सुश्री दिव्या नंबूदिरी, प्रोग्राम अधिकारी, CERC-ENVIS ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम के पहले सत्र का समापन किया। पाठ्यक्रम



संरचना पर तकनीकी सत्र, कोर्स इंचार्ज सुश्री श्वेता महाजन द्वारा दिया गया, जिसके बाद ट्रेनिंग किटों का वितरण हुआ और छात्रों के साथ इंटरैक्टिव सत्र हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन CERC ENVIS की इन्फॉर्मेशन अधिकारी सुश्री अपेक्षा शर्मा ने किया।





## ट्रेनिंग

ट्रेनिंग प्रोग्राम 9/2/2021 से शुरू हुआ। सभी छात्रों (ट्रेनीज़) को पाठ्यक्रम सामग्री दी गई जिसमें ट्रेनिंग मैनुअल, टेस्टर, सुरक्षा हेलमेट, स्टेशनरी आइटम, मास्क और सैनिटाइजर शामिल थे। ट्रेनिंग मैनुअल में परीक्षण सेटअप की तैयारी के लिए आवश्यक लेबोरेटरी उपकरणों का परिचय, परीक्षण करने के लिए आवश्यक साधनों और उपकरणों का परिचय, परीक्षण के दौरान आवश्यक उपभोज्य सामग्रियों (कंज्युमेबल्स), उपकरणों के अंशांकन (कैलिब्रेशन) पर  जानकारी, परीक्षण प्रणाली का निरीक्षण, प्राथमिक रखरखाव और इंटरमीडिएट चेक/क्रॉस वेरिफिकेशन सहित प्रत्येक विश्लेषण का रिकॉर्ड रखने के लिए स्टैण्डर्ड फॉर्मेट जैसे विषय शामिल हैं। इसमें विद्युत परीक्षण और प्रयोगशाला संचालन के लिए अनिवार्य सुरक्षा आवश्यकताओं और सरलीकृत परीक्षण प्रक्रियाओं के साथ प्रयोगशाला मान्यता के लिए गुणवत्ता प्रणाली भी शामिल की गई है।

मैनुअल में, टिकाऊ भविष्य के लिए उद्योग द्वारा अपनाई गई स्टार लेबलिंग मानदंड और पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों की अवधारणाओं को, पर्यावरण अनुकूल स्टार लेबल वाले विद्युत उत्पादों की पहचान करने के तरीकों, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा ऊर्जा स्टार लेबलिंग मानदंड के तहत कवर किए गए विद्युत उत्पादों के विवरण, पर्यावरण मानदंड के लिए परीक्षण तकनीकें, जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों में योगदान करने के लिए ऊर्जा बचाने के लिए विकसित की जाने वाली युक्तियों और आदतों के साथ सतत विकास के लिए हरित कौशल, के साथ सरल बनाया गया है। आसानी से समझने के लिए चित्रों का उपयोग करके विवरण को रचनात्मक रूप से समझाया गया है। गुजरात क्लीनर प्रोडक्शन सेंटर, साथी ENVIS, रिसोर्स पार्टनर, गांधीनगर द्वारा ट्रेनीज़ को क्लीनर  उत्पादन और अपशिष्ट न्यूनीकरण पर एक और मैनुअल प्रदान किया गया था।

## इंटरनल और एक्सटर्नल फैकल्टी

निम्नलिखित इंटरनल और एक्सटर्नल फैकल्टी सदस्यों/विशेषज्ञों ने अपनी प्रस्तुतियों से ट्रेनिंग प्रोग्राम को रोचक और सफल बनाया है।

**इंटरनल फैकल्टी:**

सुश्री श्वेता महाजन, कोर्स इंचार्ज

**एक्सटर्नल फैकल्टी:**

1. श्री मिहिर वसावडा
   विषयः ऊर्जा कुशल मशीनें
2. श्री जी.टी. पंचाल
   विषयः मोटरों में बिजली क्षति
3. श्री गोविंद झाला (उद्योग विशेषज्ञ - प्रदर्शनों के लिए)
   विषयः पंप सेटों की ऊर्जा दक्षता के मापन के लिए परीक्षण तकनीकें
4. श्री अरविंद सोठा (उद्योग विशेषज्ञ - प्रदर्शनों के लिए )
   विषयः IS-8034 , IS-9283 और IS-11348 के अनुसार परीक्षणों पर प्रदर्शन
5. श्री नीरव मेहता
   विषयः सोलर ग्रिड कनेक्टेड सिस्टम और सौर ऊर्जा क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर
6. श्री हरि ओम मेहता
   विषयः ऑफ ग्रिड सोलर प्रणाली और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पाद
7. श्री कश्यप वच्छराजानी,
   विषयः उद्यमियों के लिए वित्त प्रबंधन और बैंकिंग
8. श्री चंद्रमौली पाठक, उद्यमिता विकास
   विषयः उद्यमिता और लघु व्यवसाय स्टार्टअप
9. डॉ. भरत जैन, सदस्य सचिव क्क्ष्क्ष्क और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, GCPC ENVIS RP
   विषयः स्वच्छ उत्पादन, अपशिष्ट न्यूनीकरण और हरित उत्पादन

## प्रमुख विषय

उद्योग की नौकरी चाहने वालों से जो अपेक्षाएं हैं उनको ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम बनाया गया है। इसे व्यापक बनाने के लिए उद्योग के विशेषज्ञों और विषय विशेषज्ञों से सुझाव लिए गए थे, जिसमें पेशेवर ज्ञान, व्यावसायिक कौशल, मुख्य कौशल, जिम्मेदारी और प्रक्रिया के संदर्भ में क्षमता स्तर की व्यापक श्रेणी शामिल है।

1. विद्युत मशीनों में हालिया रुझान।
2. हरित भविष्य के लिए अक्षय ऊर्जा उत्पाद (प्रकार और मूल बातें)।
3. ऊर्जा कुशल इंडक्शन मोटर्स के डिजाइन पहलू।
4. सबमर्सिबल पंपों के लिए ऊर्जा कुशल मोटरों के निर्माण की प्रक्रिया, नुकसान की गणना और दक्षता का पता लगाना।
5. विद्युत उत्पादों, घरेलू उपकरणों और सहायक उपकरण द्वारा उत्पन्न शोर के कारण पर्यावरण प्रदूषण।
6. शोर का मापन और शोर को कम करने के तरीके।
7. निर्माताओं द्वारा पालन की गई हरित पद्धतियां।
8. BEE की स्वैच्छिक और अनिवार्य लेबलिंग योजनाओं के अंतर्गत आने वाले उत्पाद।
9. ऊर्जा बचत गाइड के रूप में उपकरणों पर उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के लेबल।
10. विद्युत उत्पादों की सतत खपत।

## फील्ड विज़िट

1. मैसर्स LA-गज्जर मशीनरी प्राइवेट लिमिटेड के दो कारखानों का दौरा। एक V6 पंप सेट (कृषि अनुप्रयोग) के लिए और दूसरा घरेलू पंप सेट (V3 और V4 टाइप) के लिए।
2. अमराईवाड़ी में स्टेटर्स निर्माण स्थल का दौरा।
3. नरोडा एनवायरो प्लांट लिमिटेड, NEPL
4. सेवियो सन एनर्जी का दौरा
5. वॉटरमैन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का दौरा।

## ट्रेनीज़ का अंतिम मूल्यांकन

NSQF की लेवल 6 योग्यताओं के मूल्यांकन मानदंड के आधार पर ट्रेनीज़ का अंतिम मूल्यांकन किया गया था। 01/04/21 को आयोजित ऑनलाइन समापन समारोह के दौरान सफल ट्रेनीज़ को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। व्यावसायिक कौशल और नेतृत्व गुणों के साथ व्यावसायिकता और नैतिकता, आपसी विमर्श, गुणवत्ता चेतना, जवाबदेही और उद्योग की जरूरतों के लिए योग्यता स्तरों पर कैरियर परामर्श सत्र आयोजित किए गए थे।

निम्नलिखित कंपनियों के मानव संसाधन (HR) विभागों ने प्लेसमेंट इंटरव्यू आयोजित किए:

1. निरधारा एनर्जी एंड IT सॉल्यूशंस
2. भगवती इंडस्ट्रीज, अहमदाबाद
3. LA-गज्जर मशीनरी प्रा. लिमिटेड अहमदाबाद
4. किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड, साणंद
5. वाटरमैन इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, चांगोदर
6. सेवियो सन एनर्जी
7. ममता मशीनरी प्रा. लिमिटेड

सभी ट्रेनीज़ के CV's के साथ एक प्लेसमेंट ब्रोशर तैयार किया गया था। इसे इंटरव्यू लेने वाली और अन्य कंपनियों के बीच परिचालित किया गया था। सफल ट्रेनीज़ का प्लेसमेंट और स्वरोजगार रिकॉर्ड इस प्रकार है:

- एक ट्रेनी को वाटरमैन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद में रखा गया है।
- एक ट्रेनी को मैक पंप्स इंडस्ट्रीज, अहमदाबाद में रखा गया है।
- एक ट्रेनी को CYIENT, हैदराबाद में नियुक्त किया गया।
- एक ट्रेनी को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लिमिटेड, पोरबंदर में नियुक्त किया गया।
- एक ट्रेनी को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण लिमिटेड, दीव में नियुक्त किया गया।
- एक ट्रेनी गांधीधाम में अक्षय ऊर्जा उत्पादों पर स्टार्ट अप की तलाश कर रहा है।
- La गज्जर मशीनरी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपरेंटिसशिप के लिए दो ट्रेनीज़ का चयन किया गया। (महामारी के कारण होल्ड पर)
- तीन ट्रेनीज़ ने प्रतियोगी परीक्षा या उच्च अध्ययन का विकल्प चुना है।

## फीडबैक

मेरा नाम सेजल देवडिया है और मैं पोरबंदर से हूँ। सबसे पहले मैं GSDP की पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उसने मुझे अपने कौशल को सीखने और सुधारने का मौका दिया। यहां मैंने प्रैक्टिकल और थ्योरी लेक्चरों में भाग लिया है। प्रैक्टिकल के दौरान, मैंने स्टार लेबलिंग कैसे की जाती है, विद्युत उत्पाद का पर्यावरणीय प्रभाव, विद्युत परीक्षण, कम प्रदूषणकारी उत्पादों का निर्माण कैसे किया जाता है आदि सीखा। फील्ड विजिट के दौरान मैंने सबमर्सिबल पंप- इसके परीक्षण, निर्माण, उत्पादन आदि के बारे में सीखा। अतिथि फैकल्टी के माध्यम से वित्त पोषण और उद्यमिता कौशल के बारे में जानने का अवसर भी प्रदान किया गया। यह मेरे लिए फायदेमंद कोर्स रहा है और इसने मुझे अपना आत्मविश्वास विकसित करने में मदद की है। मैं GSDP की टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं।



- सेजल देवडिया

मैं शुभम शुक्ला हूं। कोर्स के दौरान, मैंने कई फील्ड विज़िट, गेस्ट लेक्चर, प्रैक्टिकल और नियमित लेक्चर में भाग लिया है। प्रैक्टिकल सत्रों में, मैंने उत्पाद की ऊर्जा दक्षता, विद्युत उपकरण के पर्यावरणीय प्रभाव, गुणवत्ता आश्वासन आदि के बारे में सीखा है। एक निर्माण कंपनी की फील्ड विज़िट के दौरान, मैंने उनके द्वारा अपनाई गई पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों के बारे में सीखा। मैंने यहां अपने तकनीकी कौशल के साथ-साथ संचार कौशल में भी सुधार किया है। मुझे इस कोर्स में एनरोल करने के लिए धन्यवाद।



- शुभम शुक्ला

## गेलेरी:



विद्युत उत्पाद और घरेलू उपकरण पर परीक्षण/प्रयोग का प्रदर्शन



वाटरमैन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का दौरा



सबमर्सिबल पंप सेटों के परीक्षण पर प्रदर्शन



सेवियो सन एनर्जी का 10/03/21 को दौरा



श्री कश्यप वच्छराजानी द्वारा वित्त और स्टार्ट अप पर लेक्चर



कैरियर परामर्श और ट्रेनीज़ की नियुक्ति

# 'इको-फ्रेंडली पद्धतियों के साथ खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी के लिए लेबोरेटरी असिस्टेंट' पर सर्टिफिकेट कोर्स

**डॉ. डॉली जानी**
**कोर्स इंचार्ज और सीनियर साइंटिस्ट, फ़ूड लेबोरेटरी प्रमुख, CERC**

विश्लेषणात्मक वातावरण में गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य प्रयोगशाला तकनीशियनों को ट्रेनिंग देना एक पूर्व-आवश्यकता है। ENVIS रिसोर्स पार्टनर, कंज्यूमर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर ने हरित प्रयोगशाला पद्धतियों पर जोर देने के साथ खाद्य व्यवसायों को प्रशिक्षण के व्यापक और प्रभावी वितरण सुनिश्चित करने के लिए इस कोर्स को डिजाइन और विकसित किया। इस कोर्स का उद्देश्य कक्षा गतिविधि और प्रायोगिक प्रशिक्षण के साथ-साथ संबंधित उद्योग के दौरों के माध्यम से अपेक्षित ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

ट्रेनिंग के दौरान, छात्रों को खाद्य प्रयोगशालाओं में उपयोग की जाने वाली विभिन्न विश्लेषणात्मक तकनीकों में बुनियादी ज्ञान और प्रायोगिक प्रशिक्षण मिलता है। उन्हें पोषण संबंधी पहलुओं, खाद्य सुरक्षा मानकों और प्रयोगशाला मान्यता प्रणाली से परिचित कराया जाता है। उन्हें अच्छी प्रयोगशाला पद्धतियों (GLP), नमूनाकरण प्रक्रियाओं, प्रलेखन; प्रयोगशाला उपकरणों का संचालन, अंशांकन और रखरखाव के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है। ईको-फ्रैंडली प्रयोगशाला जल प्रबंधन और प्रयोगशाला सुरक्षा उपायों के बारे में भी जानकारी इस पाठ्यक्रम के माध्यम से दी जाती है।

### उम्मीदवारों का चयन


चयन की प्रक्रिया जनवरी २०२१ में समाचार पत्रों, वेबसाइट http://cercenvis.nic.in/PDF/GSDP%2020-21.pdf और सोशल मीडिया में दिए गए विज्ञापनों के माध्यम से शुरू हुई। COVID प्रतिबंधों के कारण चयन प्रक्रिया ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने के बाद टेलीफोनिक / स्काइप इंटरव्यू के माध्यम से आयोजित की गई थी। हमें ११६ एप्लीकेशन प्राप्त हुई जिन्हें पात्रता (एलिजिबिलिटी) मानदंड के अनुसार छांटा गया और शार्टलिस्ट किया गया था। इनमें से 15 उम्मीदवारों को उनकी मूल क्षमताओं के आधार पर ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए सिलेक्ट किया गया। लगभग दो-तिहाई उम्मीदवार अहमदाबाद से बाहर के थे और तीन स्थानीय निवासी छात्र थे। चयनित ट्रेनीज़ विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों जैसे जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी), खाद्य और पोषण, सूक्ष्म जीव विज्ञान (माइक्रोबायोलॉजी), बॉटनी, जूलॉजी और पर्यावरण विज्ञान में ग्रेजुएट / पोस्ट ग्रेजुएट थे।

### ट्रेनिंग का प्रारंभ

उद्घाटन समारोह 9 फरवरी, 2021 को आयोजित किया गया था। इसकी शुरुआत श्री उदय मावानी CEO और बोर्ड सचिव के स्वागत भाषण के साथ हुई, अध्यक्षीय भाषण श्री प्रफुल आर. अमीन, चेयरमैन, CERC और TORCH ने दिया। हमारे मुख्य वक्ता, श्री राकेशभाई शाह, सदस्य सलाहकार CERC ने छात्रों को अपने भविष्य के लिए बेहतर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री जे.बी. पटेल, बोर्ड सदस्य TORCH और स्वयंसेवी सदस्य CERS ने अपने प्रेरक भाषण से छात्रों को आशीर्वाद दिया और युवाओं को प्रेरित किया। सुश्री अनिंदिता मेहता, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर और CGM CERC ने CERC ENVIS के मैन्डेट और जागरूकता गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। CERC ENVIS की सलाहकार समिति की सदस्य डॉ. अशोका घोष ने हरित कौशल विकास कार्यक्रम के विकास के बारे में श्रोताओं को संबोधित किया। सुश्री दिव्या नंबूदिरी, प्रोग्राम ऑफिसर, CERC-ENVIS ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम के पहले सेशन का समापन किया। कोर्स स्ट्रक्चर पर तकनीकी सेशन, कोर्स इंचार्ज सुश्री डॉली जानी द्वारा दिया गया, जिसके बाद ट्रेनिंग किटों का वितरण हुआ और ट्रेनीज़ के साथ इंटरैक्टिव सेशन हुआ। पूरे कार्यक्रम का संचालन CERC ENVIS की इन्फॉर्मेशन अधिकारी सुश्री अपेक्षा शर्मा ने किया।







## इंटरनल और एक्सटर्नल फैकल्टी

डॉ. डॉली ए. जानी (ट्रेनिंग इंचार्ज) की अध्यक्षता में CERC की इन-हाउस प्रयोगशाला में ट्रेनिंग आयोजित की गयी था। निम्नलिखित इंटरनल और एक्सटर्नल फैकल्टी ने इस कार्यक्रम को सफल बनायाः

### इंटरनल फैकल्टीः

1. डॉ. डॉली जानी, कोर्स इंचार्ज
2. सुश्री कनकलता गोस्वामी, प्रयोगशाला प्रदर्शक

### एक्सटर्नल फैकल्टीः

1. डॉ. नीरजकांत पांडे, लीड ऑडिटर, NABL
   विषयः NABL का परिचय - महत्व और आवश्यकताएं
2. सुश्री मीनल पांडे, पूर्व सहायक निदेशक, BIS
   विषयः भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) - उत्पाद / परीक्षण आवश्यकताओं और विनिर्देशों के दस्तावेजों को समझना।
3. श्री अतुल सोनी, प्रधान, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, AMC
   विषयः नियामक दृष्टिकोण से खाद्य सुरक्षा के मुद्दे और विश्लेषण।
4. श्री कश्यप वच्छराजानी
   विषयः उद्यमियों के लिए वित्त प्रबंधन और बैंकिंग।
5. श्री चंद्रमौली पाठक, उद्यमिता विकास
   विषयः उद्यमिता और लघु व्यवसाय स्टार्टअप।
6. डॉ. भरत जैन, सदस्य सचिव GCPC और परियोजना समन्वयक, GCPC ENVIS RP
   विषयः स्वच्छ उत्पादन, अपशिष्ट न्यूनीकरण और हरित उत्पादन।
7. श्री डी.ए. भावसार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी
   विषयः गुजरात राज्य FDCA द्वारा स्पॉट टेस्टिंग और मोबाइल टेस्ट वैन के माध्यम से सामान्य खाद्य मिलावट का पता लगाना।

## प्रमुख विषय

इस कोर्स में क्लासरूम लेक्चर और प्रायोगिक प्रशिक्षण (प्रैक्टिकल ट्रेनिंग) शामिल थे। समापन सत्रों में एक सप्ताह का मूल्यांकन और संबंधित अभ्यास शामिल थे। इस प्रकार कुल 225 घंटे के पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मुख्य घटक निम्नानुसार थेः

1. भोजन, पोषण संबंधी पहलुओं और सुरक्षा मानकों का परिचय।
2. प्रयोगशाला मान्यता का परिचय
3. प्रयोगशाला पद्धतियों का पर्यावरण अनुकूल रखरखाव
4. प्रयोगशाला अपशिष्ट का पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन
5. बुनियादी प्रयोगशाला उपकरण और उनके कार्यों का परिचय
6. प्रमाणित संदर्भ सामग्री और मानक और खाद्य उत्पादों में मौलिक विश्लेषण।
7. अभ्यास और आकलन

## ट्रेनिंग

ट्रेनिंग का संचालन कोर्स मॉड्यूल में उल्लिखित विषयों के अनुसार व्यवस्थित रूप से किया गया था। प्रत्येक छात्र को एक ट्रेनिंग किट प्रदान किया गया जिसमें ट्रेनिंग मैन्युअल, स्टेशनरी आइटम, प्रयोगशाला सुरक्षा गियर जैसे एप्रन, सुरक्षा चश्मे, दस्ताने और नैपकिन आदि शामिल थे। इस ट्रेनिंग में खाद्य परीक्षण के विभिन्न पहलुओं और अच्छी प्रयोगशाला पद्धतियों को विस्तार से शामिल किया गया था। बुनियादी विश्लेषणात्मक तकनीकों में नमी की मात्रा, राख, एसिड अघुलनशील राख, एसिडिटी, फैट, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, खनिज, मिलावट आदि जैसे खाद्य पदार्थों में सामान्य मापदंडों के लिए परीक्षण पद्धतियां थी। ट्रेनीज़ को बुनियादी प्रयोगशाला उपकरणों के संचालन और खाद्य विश्लेषण में उनके अनुप्रयोगों में प्रायोगिक अनुभव प्रदान किया गया।

प्रभावी शिक्षण और सीखने की रणनीतियों का पालन करते हुए मानकीकृत, तार्किक और व्यवस्थित तरीके से आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए ट्रेनिंग मैनुअल तैयार किया गया है। इस मैनुअल में सामान्य प्रयोगशाला उपकरणों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं के साथ-साथ BIS विनिर्देशों के अनुसार परीक्षण विधियां दी गई हैं। ट्रेनिंग मैनुअल में खाद्य प्रयोगशाला में कार्यरत कर्मियों द्वारा पालन की जाने वाली सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण आवश्यकताओं का विवरण दिया गया है। प्रयोगशाला कर्मचारियों को आसानी से समझ में आए इसके लिए इसे खाद्य उद्योग में संचालन प्रवाह के अनुसार डिजाइन किया गया है। इस व्यापक मैनुअल के साथ ट्रेनर्स की सुविधा के लिए खाद्य प्रयोगशाला के लिए विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रियाएं भी दी गई हैं।

### फील्ड विज़िट

1. गांधीनगर में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की अत्याधुनिक खाद्य अनुसंधान प्रयोगशाला (FRL) के अध्ययन दौरे की व्यवस्था की गई थी।
2. अत्याधुनिक खाद्य परीक्षण सुविधाओं के साथ अहमदाबाद नगर निगम की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला में अध्ययन दौरे की व्यवस्था की गई थी।
3. रेवाकांत गिर गौशाला लीलापुर फार्म, एस.जी. हाईवे, अहमदाबाद में स्थित है।
4. नरोडा पर्यावरण परियोजना लिमिटेड (NEPL)।

## ट्रेनीज़ का अंतिम मूल्यांकन

NSQF के लेवल 6 योग्यताओं के मूल्यांकन मानदंड के आधार पर ट्रेनीज़ का अंतिम मूल्यांकन किया गया था। उन्हें उनके संबंधित फील्ड रिपोर्ट, जर्नल और कक्षा प्रस्तुतियों के लिए भी ग्रेड दिए गए थे। ट्रेनीज़ के लिए अंतिम मूल्यांकन परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की गई थी।

### समापन समारोह

दो महीने के ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन के लिए 1 अप्रैल 2021 को एक वर्चुअल समापन समारोह का आयोजन किया गया था। समापन भाषण डॉ. डॉली ए. जानी, कोर्स इंचार्ज द्वारा दिया गया था और सुश्री दिव्या नंबूदरी, प्रोग्राम ऑफिसर, CERC ENVIS- RP द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया था। GSDP सर्टिफिकेट कोर्स के सफल समापन पर ग्यारह ट्रेनीज़ को सर्टिफिकेट दिए गए थे।

### प्लेसमेंट गतिविधि

सभी ट्रेनीज़ के क्व के साथ एक प्लेसमेंट ब्रोशर तैयार किया गया था और इसे संभावित नियोक्ताओं जैसे परीक्षण प्रयोगशालाओं, खाद्य उद्योग और अनुसंधान संस्थानों आदि को परिचालित किया गया था।

ट्रेनीज़ को सार्वजनिक/निजी क्षेत्र में नौकरियों और परीक्षा और इंटरव्यू के लिए कैसे तैयारी की जाए उसके बारे में कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। जो छात्र व्यवसाय स्टार्टअप का विकल्प चुनना चाहते थे, उन्हें विशेषज्ञों द्वारा उद्यमिता मार्गदर्शन प्रदान किया गया था और प्रिशिक्षण समाप्त होने के बाद भी सहयोग सुनिश्चित किया गया था।

### फीडबैक



- नैन्सी सिंह

मैं नैन्सी सिंह हूं और मैं कानपुर से हूं। मैं 'इको-फ्रेंडली खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी के लिए लेबोरेटरी असिस्टेंट' कोर्स में शामिल हुई हूं। मुझे खुशी है कि मैं इस कोर्स में शामिल हुई और मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है। आवास और भोजन की सुविधाएं बहुत अच्छी थीं। हमने कई प्रयोगशालाओं का दौरा किया है जहां हमने नए उपकरणों के बारे में सीखा। हमने टीम द्वारा आयोजित कई गेस्ट लेक्चर में भाग लिया है। मैंने नियमित लेक्चर और प्रैक्टिकल्स से ज्ञान प्राप्त किया जो मेरे लिए नया था।



- रंजन कुमार मिश्रा

मैं, रंजन कुमार मिश्रा और मैं बिहार से हूं। मैंने CERC अहमदाबाद में GSDP पोर्टल के माध्यम से 'इको-फ्रेंडली खाद्य परीक्षण लेबोरेटरी के लिए लेबोरेटरी असिस्टेंट' कोर्स जॉइन किया। मैंने प्रैक्टिकल्स के ज़रिये खाद्य परीक्षण के बारे में सीखा है। कोर्स इंचार्ज और गेस्ट फैकल्टी के थ्योरी लेक्चर के दौरान, मैंने खाद्य अपमिश्रण, खाद्य अधिनियम, आदि के बारे में सीखा है। मैं कोऑर्डिनेटर और टीम के अन्य सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे इस कोर्स के लिए चुना है जिसने मुझे बेहतर भविष्य के लिए विभिन्न तरीकों से लाभान्वित किया है। मैंने अपनी अपेक्षा से अधिक सीखा है।

**गेलेरी:**




श्री चंद्रमौली पाठक द्वारा उद्यमिता विकास



अहमदाबाद नगर निगम की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला का दौरा



विभिन्न खाद्य उत्पादों के गुणवत्ता आश्वासन पर प्रैक्टिकल



रेवाकांत गिर गौशाला का दौरा




नरोडा पर्यावरण परियोजना लिमिटेड का दौरा



फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, गांधीनगर का दौरा












पोस्टर मेकिंग कोम्पीटीशन ओन ध थीम ओफ 'इकोसिस्टम रेस्टरेशन'





वेबिनार ओन 'रेस्टरेशन ओफ इकोसिस्टम'

लिंक रिर्पोट :

http://cercenvis.nic.in/PDF/REPORT%20WED2021.pdf




वेबिनार ओन 'अेक भारत श्रेष्ठ भारत'




ओपन कवीझ ओन

'सस्टैनेबल प्रेकटिस एंड इनवार्नयमेंट '




ओनलाइन शोर्ट विडिओ/GIF/फोटो कोलाझ काम्पटिशन ओन

ध थीम ओफ योर कान्ट्रब्यूशन टवोडझ़ सस्टैनेबल लिविंग

रिर्पोट लिंक :

http://cercenvis.nic.in/PDF/Report%20on%20EBSB_CERC%20ENVIS%20RP.pdf




पर्यावरण सूचना प्रणाली का संक्षित नाम ENVIS है जो पर्यावरण सूचना संग्रह, मिलान, भंडारण, पुनर्प्राप्ति और नीति निर्माताओं, निर्णयकर्ताओं, वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों के प्रसार के लिए योजना के रूप में छठी पंचवर्षीय योजना के अंत में पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा लागू की गई थी। पर्यावरण और वन मंत्रालय ने कंज्यूमर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर (CERC), अहमदाबाद को 'पर्यावरण साक्षरता - पर्यावरण-लेबलिंग और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों' पर जानकारी एकत्र करने और प्रसारित करने के लिए एक संसाधन भागीदार के रूप में चुना है। इस ENVIS रिसोर्स पार्टनर का मुख्य उद्देश्य इको उत्पादों, अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय इको लेबलिंग कार्यक्रमों के बारे में जानकारी का प्रसार करना है।

**पत्रिका का मुद्रण और प्रकाशन**

**कंज्यूमर एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर की ओर से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर,**
**CERC-ENVIS रिसोर्स पार्टनर,**

507-8, 5वीं मंजिल साकार II बिल्डिंग, एलिसब्रिज के किनारे, एलिसब्रिज शॉपिंग सेंटर के पीछे, एलिसब्रिज, अहमदाबाद - 380 006,
गुजरात, भारत। फोनः 079-68181600/28/29

cerc-env@nic.in, cerc@cercindia.org
www.cercenvis.nic.in
@EcoProductsEcoLabeling
@cerc_envis
@CERC - ENVIS

हमें लिखेंः हम आपके विचारों और सुझावों को महत्व देते हैं। कृपया इस अंक पर अपनी प्रतिक्रिया भेजें। हम इको उत्पाद और इको लेबलिंग पर आपके योगदान भी आमंत्रित करते हैं।

**डिसक्लेमर**

इस न्यूज़लेटर में प्रयुक्त सामग्री अनिवार्य रूप से CERC या ENVIS के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। प्रकाशन में दिए गए चित्रों का उद्देश्य केवल सेकंडरी स्रोत से जानकारी प्रदान करना है।

**मुद्रण**

**प्रिंट एक्सप्रेस, अहमदाबाद।**